प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांक: 09.04.2024 समय : 01:00 पी.एम.

00000

प्रदेश में लोकसभा चुनाव प्रचार के तहत आज मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा जयपुर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी मंजू शर्मा के समर्थन में रोड शो करेंगे। ये रोड़ शो मानसरोवर के भृगु पथ से हंस विहार मंदिर मध्यम मार्ग तक आयोजित किया जायेगा। वहीं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा आज से तीन दिन तक चुनावी दौरो पर रहेंगे। वे आज लक्ष्मणगढ़, कल हनुमानगढ़ और परसो अनूपगढ तथा फलौदी में पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में समर्थन जुटाने के लिए सभाएं करेंगे।

00000

लोकसभा चुनाव को लेकर निर्वाचन आयोग ने आकाशवाणी और दूरदर्शन पर राजनीतिक दलों के लिए प्रचार–प्रसार का समय आंवटित कर दिया है। इसके लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता की अध्यक्षता में स्लॉट आवंटन लॉटरी निकाली गई। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि दूरदर्शन और आकाशवाणी के क्षेत्रीय केंद्रों के माध्यम से प्रचार–प्रसार के लिए भारतीय जनता पार्टी को 362–362 मिनट, कांग्रेस को 222–222 मिनट, बहुजन समाज पार्टी को 96–96 मिनट, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) को 81–81 मिनट, आम आदमी पार्टी को 71–71 मिनट और नेशनल पीपुल्स पार्टी को 68–68 मिनट का समय आवंटित किया गया है।

00000

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आकाशवाणी समाचार जयपुर की ओर से मतदाता जागरूकता के लिये संदेश श्रृंखला चलायी जा रही है। इसमें श्रोता संदेश भेजकर आमजन को वोट डालने के लिए प्रेरित कर सकते हैं।

00000

प्रदेशभर में आज से चैत्र नवरात्र की शुरूआत हुई। घरों और मंदिरों में घट स्थापना के साथ धार्मिक आयोजन किये जा रहे है। आज से ही हिन्दु नववर्ष नवसवंत्सर भी शुरू हो गया है। 9 दिन तक चलने वाले नवरात्र के दौरान मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों की पूजा अर्चना की जायेगी। आज मां शैलपुत्री की आराधना की जा रही है। राजधानी जयपुर के आमेर स्थित शिला माता मंदिर में घट स्थापना के साथ धार्मिक अनुष्ठान शुरू हो गये है। बालोतरा में नवरात्र को लेकर देवी मंदिरों में पूजा अर्चना की जा रही है। हिन्दू नववर्ष लेकर शहर के चौराहों पर राहगीरों को तिलक लगाकर स्वागत किया जा रहा है। जैसलमेर में महिलाओं ने शहर के विभिन्न स्थानों पर रंगोली बनाकर नववर्ष का स्वागत किया। वहीं शहर के मुख्य बाजार में शोभायात्रा निकाली गई। इस अवसर पर अजमेर में बुक बैंक का उद्घाटन किया गया। इस बैंक में छठी से बारहवीं कक्षा तक की पुस्तके जमा कराई जा सकेगी। साथ ही आवश्यकतानुसार विद्यार्थी पुस्तके ले भी सकेंगे। बूंदी जिले के इंदरगढ़ की बीजासन माता मंदिर, सथुर की रक्त दंतिका मंदिरों और देवी मंदिरों सहित घर–घर में घट स्थापना की गई। इस अवसर पर बीकानेर में प्रमुख चौराहों को सजाया गया है। नवसवंत्सर की पूर्व संध्या पर कल शहर के सूरसागर झील में 11 हजार दीप प्रज्वलित किये गये। बांसवाडा के शक्ति पीठ मां त्रिपुरा सुंदरी मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। वहीं करौली के कैला देवी

मंदिर में भी अनुष्ठान और पूजा अर्चना की जा रही है। यहां लगे मेलों में लोगों की खासी भीड देखी जा रही है।

00000

राष्ट्रंपति द्रौपदी मुर्मू, उप–राष्ट्रापति जगदीप धनखड, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राज्यपाल कलराज मिश्र ने देश और प्रदेशवासियों को नवरात्र पर्व और नवसंवत्सर की शुभकामनाएं दी है।

00000

आकाशवाणी जयपुर आज अपना 69वां स्थापना दिवस मना रहा है। 9 अप्रेल 1955 में आकाशवाणी के जयपुर केन्द्र की शुरूआत हुई थी। इस अवसर पर आज केन्द्र की ओर से यादों का कारवां नाम से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें जयपुर केन्द्र से जुडे वरिष्ठ उद्घोषक और सेवनिवृत्त अधिकारियों ने अपने संस्मरण साझा किये। गौरतलब है कि आकाशवाणी ने देश के सुदुर इलाकों तक सूचनाओं के प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। साथ ही सूचना शिक्षा और मनोरजंन आधारित कार्यक्रमों के अलावा सटीक समाचारों के प्रसारण से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में विशेष भूमिका अदा की है।

0000